राहुल का विरोध कायम पर गहलोत और बघेल के बाद तेलंगाना मुख्यमंत्री ने अडानी से नज़दीकी दिखायी

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 जनवरी। क्या कांग्रेस अडानी मुद्दे पर दो परस्पर विरोधी बातें कर रही है? कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जहां अडानी के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए उन पर आरोप लगाया है कि, उन्होंने अवैध रूप एवं जालसाजी से एक बड़ा बिज़नैस एम्पायर खड़ा किया है, वहीं उनकी पार्टी के नेता राहुल की उपेक्षा कर उन्हीं अडानी के साथ मेलजोल बढ़ा कर उनकी कृपादृष्टि पाने का प्रयास कर रहे हैं।

चाहे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हों या राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हों, दोनों ही बिज़नैस कॉनक्लेव्ज़ में सार्वजनिक रूप से नज़र आए, जहाँ ऐसे समय में डील्स फाइनल की गईं, जब राहुल गांधी संसद के भीतर और बाहर अडानी के हाथ धोकर पीछे पड़े हुए थे। वास्तव में, अभी भी राहुल गांधी की "टॉकिंग लिस्ट" में अडानी और उनके बिज़नैस एम्पायर पर प्रहार करना, आज भी शीर्ष पर है।

लेकिन कल की ही बात है, तेलंगाना में कांग्रेस के नए मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी और अडानी के बीच एक सुखद मेल मिलाप मीडिया की सुर्खियां बना हुआ था। स्विट्ज़रलैण्ड के दावोस शहर में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सम्मेलन के दौरान रेड्डी ने अडानी का भव्य सम्मान कर उन्हें गुलदस्ता और शॉल भेंट किए और अडानी ने भी तेलंगाना में 12,400 करोड़ रूपयों के निवेश का वादा किया।

यह सुशासन की बाध्यताएं हैं और निर्वाचित मुख्यमंत्री को रोज़गार सृजित करने और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए निवेश आकर्षित करने के लिए कदम उठाने पड़ते हैं, लेकिन यही कदम उनके खुद के नेता द्वारा की जा रही आलोचना के स्वरों को इस हद तक बेसुरा कर सकते हैं कि, उससे जनता की धारणा ही कमज़ोर पड़ सकती है।

अधिक दिलचस्प यह है कि, कांग्रेस मुद्दे को स्पष्ट नहीं करती, जिससे अन्य पार्टियों को इसे बकवास बताने का मौका मिल जाता है और बकवास वाली बात जनता को भी विश्वसनीय लगती है।

सोशल मीडिया और परम्परागत प्रिंट मीडिया पर अडानी और रैवन्त की तस्वीरें सामने आने के एक दिन बाद तेलंगाना के पूर्व मंत्री एवं बी.आर.एस. के सीनियर नेता के.टी. रामाराव ने चुटकी ली कि, कांग्रेस नेतृत्व वाली

- **दावोस में मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी ने अडानी का सत्कार किया और अडानी ने 12400 करोड़ रू. के इन्वैस्टमैंट का वादा किया।**
- **बी.आर.एस. नेता ने टिप्पणी की कि, तेलंगाना की कांग्रेस सरकार भाजपा के आदेश से अडानी के साथ काम कर रही है।**

तेलंगाना सरकार भारतीय जनता पार्टी के आदेशों पर अडानी के साथ मिलकर काम कर रही है। हैदराबाद के तेलंगाना भवन में हुई बी.आर.एस. पार्टी की मीटिंग में की गईं उनकी टिप्पणियां काफी महत्व रखती हैं क्योंकि रामाराव ने मुख्यमंत्री की ए.बी.वी.पी. की पृष्ठभूमि की ओर इशारा किया था, जो कोई छिपी हुई बात नहीं है।

रामाराव ने, तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद अडानी के प्रति कांग्रेस के रवैये में आए बदलाव पर सवाल करते हुए कहा कि "कांग्रेस दिल्ली में अडानी की आलोचना करती है, लेकिन तेलंगाना में उनके साथ मिलकर काम क्यों कर रही है? राहुल गांधी कहते हैं कि, मोदी और अडानी एक ही हैं। यहां तक कि, कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी ने भी कहा था कि, प्रधानी (प्रधानमंत्री) और अडानी एक ही हैं, लेकिन वे दावोस में उनसे मेलजोल कर रहे हैं। यह अवसरवादी एवं निम्न स्तरीय राजनीति है।"

तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र एवं पूर्व मंत्री ने भी, चुनावी वादों और गारंटियों को पूरा ना करने को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस ने जो कुल वादे किए थे, उनकी संख्या 420 है। यह हमारा (बी.आर.एस. का) कर्त्तव्य है कि, हम उनके बारे में जनता और सत्तारूढ़ पार्टी, दोनों को याद दिलाएं।" उन्होंने आगे कहा कि, यदि यह स्थिति जारी रहती है तो जनता राज्य सरकार के विरूद्ध विद्रोह कर देगी।"

दावोस में, तेलंगाना सरकार ने अडानी ग्रुप व जे.एस.डब्ल्यु. जैसी कम्पनियों के साथ 35,500 करोड़ के निवेश के एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए हैं।

तेलंगाना सरकार ने एक प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि, अडानी ग्रुप ने राज्य में एक सीमैन्ट ग्राइन्डिंग यूनिट के अलावा यहां स्थित अडानी एयरोस्पेस एण्ड डिफैन्स पार्क में पम्प्ड स्टोरेज प्रोजैक्ट्स, डेटा सैन्टर्स, काउन्टर ड्रोन सिस्टम्स तथा मिसाइल डवलपमैंट व मैन्यूफैक्चरिंग सैन्टर्स निर्मित करने के लिए 12,400 करोड़ रूपयों के निवेश की घोषणा की है। अडानी ग्रुप राज्य में कौशल विश्वविद्यालयों के निर्माण के मुख्यमंत्री के लक्ष्य में भी सहयोग करेगा।

एक अन्य प्रैस विज्ञप्ति में बताया गया कि, जे.एस.डब्ल्यु. एनर्जी की एक सहायक कंपनी जे.एस.डब्ल्यु. निओ एनर्जी ने घोषणा की है कि, वह 9,000 करोड़ रूपयों के निवेश से तेलंगाना में एक पम्प्ड स्टोरेज प्रोजैक्ट निर्मित करेगा। जे.एस.डब्ल्यु. ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिन्दल ने प्रोजैक्ट निर्माण की योजना की घोषणा की।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में राज्य सरकार तथा हैदराबाद के लीथियम आयन सैल उत्पादक, जी.ओ.डी.आई. इण्डिया के बीच भी एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए। यह कंपनी 8,000 करोड़ रूपयों के निवेश के साथ 12.5 जी.डब्ल्यु.एच. की एक सैल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करेगी और सम्बद्ध तकनीकियों व अनुसंधान पर अगले पांच वर्ष तक काम करेगी।

इसी प्रकार, आई.टी. इन्फ्रास्ट्रक्चर की एक अग्रणी कंपनी, वैब वर्क्स ने घोषणा की है कि, वह 5,200 करोड़ रूपये के निवेश से तेलंगाना में डेटा सैन्टर्स स्थापित करेगी, जबकि लाइफ साईंसेज़ सैन्टर के निर्माण व अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत अराजन लाइफ साईंसेज़ ने तेलंगाना में पहले से मौजूद अपने संयंत्र के विस्तार को लेकर 2,000 करोड़ रूपयों के निवेश की घोषणा की।

रैवन्त रेड्डी ने गोदरेज इण्डस्ट्रीज़ लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नादिर गोदरेज के साथ एक अहम मुलाकात की। इसमें पता चला कि, गोदरेज तेलंगाना में अपना कारोबार बढ़ाने के इच्छुक है तथा यहां के विभिन्न सैक्टर्स में उनके द्वारा भारी निवेश की संभावना है।

वित्त आयोग के लिये 3 नये पदों को मंजूरी

नयी दिल्ली, 18 जनवरी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग के लिए संयुक्त सचिव स्तर के तीन पदों, यानी संयुक्त सचिव के दो पद और आर्थिक सलाहकार के एक पद, के सृजन को गुरुवार को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इस वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 की अधिसूचना के माध्यम से संविधान के अनुच्छेद 280 के अनुपालन में किया गया था। आयोग को अपने कार्यों को पूरा करने में सहायता करने के लिए इन नए सृजित पदों की आवश्यकता है। आयोग में अन्य सभी पद प्रदत्त शक्तियों के अनुसार पहले ही सृजित किये जा चुके हैं।

अयोध्याः रामलला गर्भगृह में स्थापित हुए

अयोध्या, 18 जनवरी। रामनगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य राम मंदिर के गर्भगृह में गुरुवार को रामलला विग्रह को अपने आसन पर स्थापित कर दिया गया।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंदिर के गर्भगृह में आज वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रामलला के विग्रह की स्थापना हुयी।

अब पाकिस्तान ने ईरान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया

इस्लामाबाद, 18 जनवरी। पाकिस्तान ने ईरान की ओर से उसके (पाकिस्तान) हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के 48 घंटे से भी कम समय में गुरुवार को ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया।

पाकिस्तान की सेना की मीडिया मामलों की शाखा द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, जिन ठिकानों पर हमला किया गया, उनका इस्तेमाल बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) जैसे आतंकवादी संगठन करते थे।

अपनी रिपोर्ट में बताया कि सरवन शहर के एक गांव को निशाना बनाकर किए गए हमले में नौ लोग मारे गए। ईरान के गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने कहा कि हमले में मारे गए सभी लोग विदेशी नागरिक थे।

उल्लेखनीय है कि ईरान ने मंगलवार को पाकिस्तान में बलूचिस्तान के सीमावर्ती शहर पंजगुर में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए थे।

ईरान की ओर से किए गए ये हमले उसके (ईरान) क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमलों की प्रतिक्रिया के तौर पर हाल के दिनों में सीरिया और इराक में उसके द्वारा किए गए हमलों की एक श्रृंखला का हिस्सा थे।

प्राण प्रतिष्ठा पर आधे दिन बंद रहेंगे केन्द्र के कार्यालय

नयी दिल्ली, 18 जनवरी। अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित राम जन्म भूमि मंदिर में राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर केन्द्र सरकार के कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहेगा।

कार्मिक , जन शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के गुरुवार को जारी एक परिपत्र के अनुसार अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर केन्द्र सरकार के सभी कार्यालय और केन्द्र सरकार के उपक्रम पूर्वाह्न साढ़े नौ बजे से अपराह्न ढ ाई बजे तक बंद रहेंगे। मंत्रालय की एक विज्ञिप्त के अनुसार यह सूचना सभी संबद्ध विभागों और कार्यालयों को प्रेषित कर दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि उच्चतम न्यायालय के 2019 के निर्णय के अनुसार एक गैर सरकारी न्यास द्वारा अयोध्या में राम जन्म भूमि पर मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। वहां मंदिर के गर्भगृह में राम लला की नयी मूर्ति गुरुवार को धार्मिक विधि-विधान के साथ स्थापित की गयी। मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में मंगलवार को की जायेगी।

केरल ने हैलीकॉप्टर टूरिज़्म के पैकेज बनाये

नयी दिल्ली, 18 जनवरी। केरल पर्यटन विभाग वर्ष 2024 में नये कीर्तिमान स्थापित करने के प्रयास के तहत हेली-टूरिज्म सहित कई योजनाओं को नया रूप दे रहा है।पर्यटन निदेशक पी बी नूह ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि केरल व्यापक हेली-टूरिज्म की नीति लाने वाले देश का पहला राज्य है। इसके तहत हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाताओं की ओर से पेश किये गये पैकेजों का विवरण देने वाली एक माइक्रो-साइट बनायी गयी है। यह एक ही बार में विभिन्न स्थलों की यात्रा करने की योजना बना रहे।

वडोदरा में नाव पलटने से 13 छात्र, दो शिक्षकों की मौत

वडोदरा, 18 जनवरी। गुजरात में वडोदरा शहर के हरणी क्षेत्र में गुरुवार को एक नाव के अचानक पलट जाने से उस पर सवार 13 छात्रों और दो शिक्षकों की मौत हो गयी। कुछ लापता छात्रों और शिक्षकों की खोज की जा रही है।

अग्निशमन विभाग के एक कर्मी ने बताया कि, हरणी मोटनाथ तालाब में शाम को नाव के अचानक पलट जाने से उसमें सवार एक स्कूल के छात्र और शिक्षक पानी में डूब गये। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच

- **सनराइज़ स्कूल के छात्र अपने शिक्षकों के साथ बोटिंग के लिये आये थे।**

कर पानी से 13 छात्रों और दो शिक्षकों के शव बाहर निकाल लिये हैं। अन्य लापता छात्रों और शिक्षकों को पानी में ढ ूंढ ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि, सनराइज़ स्कूल के छात्र अपने शिक्षकों के साथ तालाब में बोटिंग के लिये आये थे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने कहा कि, हरनी झील में नाव पलटने से हुई जनहानि से व्यथित हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायल शीघ्र स्वस्थ हों। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये दिए जाएंगे और घायलों को 50,000 रुपये दिये जायेंगे।

कांग्रेस के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनको जाने से रोकने का प्रयास करने वाला कोई नहीं है।

आलोक ने भी वो ही मुद्दे उठाए हैं जिनके बारे में पार्टी नेता आपस में बात कर रहे हैं, कि, पार्टी किस रोग से ग्रस्त है तथा कैसे अयोग्य नेताओं को पार्टी संलचान की पूर्ण स्वतंत्रता दे दी गई है।

कमलनाथ ने जब, कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रतिबंधित न्यूज़ एंकर नाविका कुमार को इन्टरव्यू दिया था, तब कोई सवाल नहीं पूछे गए। कई अन्य नेता हैं जो पार्टी की समस्याओं के लेकर अपनी चिन्ताएं जाहिर करते रहे हैं।

क्या यह सत्ता का मद है जो जयराम रमेश जैसे लोगों को ऐसा करने की प्रेरणा देता है या फिर केवल अयोग्यता है, क्योंकि उन्हें जितना मिला है उसके योग्य वो नहीं हैं? संचार विभाग के संचालन तथा अनेक मुद्दों पर पार्टी के रुख को प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुँचाने के उनके कौशल पर कई प्रश्न चिन्ह लगे हैं। लेकिन कांग्रेस में कई पावर सैंटर होने के कारण जयराम रमेश जैसे लोग शक्तिशाली बने रहते हैं।

आर.ए.एस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित "श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना" थाली में भोजन सामग्री का वजन 450 से बढ़ाकर 600 ग्राम प्रति थाली किया है, जिसमें सरकारी अनुदान 17 रूपए से बढ़ाकर 22 रूपये प्रति थाली किया गया है। पेपर लीक की रोकथाम व दर्ज मामलों में त्वरित जांच व दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम बनाई गई। संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के लिए 16 दिसंबर को एक विशेष कार्यदल, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

पायलट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पायलट ने कहा कि, हम सब मिलकर भाजपा सरकार की विफलताएं जनता के सामने रखेंगे। साथ ही जो हमारे अन्य मुद्दे हैं, उन्हें लेकर जनता के सामने जाएंगे और हमें विश्वास है कि जनता लोकसभा चुनाव में हमें बेहतर परिणाम देगी।

राम मंदिर को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि पत्र या महत्वपूर्ण दस्तावेज भेजने के लिए लिफाफे पर ये टिकट चिपकाए जाते हैं। लेकिन वे एक अन्य उद्देश्य भी पूरा करते हैं। डाक टिकट ऐतिहासिक घटनाओं को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के माध्यम के रूप में भी काम करते हैं। इसलिए जब भी आप किसी को डाक टिकट के साथ कोई पत्र या वस्तु भेजते हैं, तो आप उन्हें इतिहास का एक टुकड़ा भी भेज रहे होते हैं। ये टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये स्मारक टिकट युवा पीढ़ी को प्रभु श्रीराम और उनके जीवन के बारे में जानने में भी मदद करेंगे। इन टिकटों पर कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रभु श्रीराम

- **प्रधानमंत्री मोदी ने डाक टिकटों के साथ, अलग-अलग देशों में प्रभु श्रीराम से जुड़े जो डाक टिकट पहले जारी हुए हैं, उनका भी एक एल्बम जारी किया।**

के प्रति भक्ति व्यक्त की गई है और लोकप्रिय चौपाई मंगल भवन अमंगल हारी के उल्लेख के साथ राष्ट्र के विकास की कामना की गई है। इन टिकटों पर सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि है, जो देश में नए प्रकाश का संदेश भी देता है। इनमें पुण्य नदी सरयू का चित्र भी है, जो राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती है।

रहस्यमय रहा चंडीगढ़ मेयर का चुनाव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यह नाटक उस समय शुरु हुआ जब पार्षदों को उनके अधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप में संदेश मिला कि, "यह सूचित किया जाता है कि अनिल मसीह का स्वास्थ्य खराब होने के बारे में एक टेलीफोनिक संदेश प्राप्त हुआ है। उन्हें चण्डीगढ़ नगर निगम (प्रक्रिया व कर्लव्यवहार आचरण) विनिनियमन 1996 के विनियम 6 (1) के साथ पठित 60 (ए) के अधीन 18 जनवरी को पूर्व निर्धारित सभा में महापौर पद का चुनाव कराने के लिए पीठासीन अधिकारी के पद पर नामित किया गया था। उपरोक्त के प्रसंग में, आपसे अनुरोध है कि जब तक आगामी आदेश प्राप्त नहीं होते है आप नगर निगम कार्यालय नहीं आएं।" आप पार्टी व कांग्रेस के पार्षदों ने इस घटनाक्रम के विरोध में अपना विरोध दर्ज कराया।

पवन बंसल ने कहा कि उन्हें सूचित किया गया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पार्षदों को चण्डीगढ़ नगर निगम कार्यालय के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा क्योंकि पीठासीन अधिकारी जिन्हें चुनाव कराने का दायित्व दिया गया था वो स्वस्थ नहीं हैं और वे अस्पताल में भर्ती हैं।

चुनावों को आगे बढ़ाने के बाद कांग्रेस नेता पवन बंसल ने कहा कि वे (भाजपा वाले) चुनावों को रोकना चाहते है। हम इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में जाएंगे।" बंसल ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब चुनाव कब होंगे तारीख सूचित नहीं की गई है।

बंसल ने कहा कि "यदि ऐसी ही स्थिति थी और वास्तव में पीठासीन अधिकारी बीमार हो गए तो उन्हें किसी अन्य व्यक्ति को पीठासीन अधिकारी के रुप में मनोनीत करना चाहिए था।

आप नेता राघव चढा ने अचानक पीठासीन अधिकारी के स्वास्थ्य खराब होने को लेकर सवाल उठाया और भाजपा की तुलना उस बच्चे से की जो क्रिकेट के खेल में उसकी गुल्ली गिर जाती है और वो आउट होने के बाद क्रोधवश अपना बैट अपने घर ले जाता है जिससे क्रिकेट का मैच आगे नहीं खेला जा सके।

चढा ने भाजपा पर यह भी आरोप लगाया कि उसे "करारी पराजय" दिख रही थी इस लिये मेयर का चुनाव रद्द करा दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि सदन के अंदर इंडिया गठबंध की दोनों पार्टियों कांग्रेस और आप का स्पष्ट बहुमत है।

उन्होंने भाजपा पर तंज कसा और कहा कि "आज, उन्होंने चुनाव अधिकारी को बीमार बना दिया अतः इसका मतलब यह है कि इंडिया गठबंधन की मजबूती को देखकर सम्पूर्ण भाजपा का स्वास्थ्य खराब हो गया है।"

चढा ने आगे कहा कि वे इस मामले को लेकर न्याय प्राप्ति के लिए हाईकोर्ट में जाएंगे और हर संभव कोशिश करेंगे कि महापौर के चुनाव हो जाएं।

चढा ने चुटकी लेते हुए कहा कि "यह तो केवल मात्र महापौरों का चुनाव है और इन चुनावों में ही इंडिया गठबंधन ने भाजपा की नींद उड़ा दी है। आगे 2024 के लोकसभा चुनावों में आप स्वयं अंदाज लगा सकते हैं कि इंडिया गठबंधन और जनता मिलकर भाजपा का क्या हश्र करेगी।"

राज्यसभा सदस्य ने आरोप लगाया कि "वास्तव में वह बीमार नहीं है। ये भाजपा की चालें हैं और इससे यह साबित होता है कि भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने व निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनाव नहीं कराने को लेकर किसी भी हद तक नीचे गिर सकती है।"

चढा ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन चण्डीगढ़ के नगर निगम चुनावों में पूर्ण बहुमत से विजयी होगा और यह विजय 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के भविष्य पर पर्दा उठा देगी। कांग्रेस -आप गठबंधन के अनुसार आम आदमी पार्टी (आप) महापौर के पद का चुनाव लड़ेगी जबकि कांग्रेस वरिष्ठ उपमहापौर एवं उप महापौर पदों का चुनाव लड़ेगी।

ROSHAN MOTORS : RAJA PARK : 9619087477, AJMER ROAD : 7506023244, BAGRU : 7506023244, CHAKSU : 9619087477. AKAR FOUR WHEELS : VAISHALI NAGAR : 7506023152, DAUSA : 7506023152. BANDIKUI : 7506023152, LALSOT : 7506023152. AUTOPLEX AV : SITABARI, TONK ROAD : 7506023155, BASSI : 7506023155, DUDU : 7506023155, MALPURA : 7506023155, RENWAL : 7506023155. PRATAP NEXGEN : GOPALPURA, TONK ROAD : 9167104018, KALWAR : 9251997742, JOBNER : 9251997741. TECHWHEELS : JAGATPURA : 7506023175, MANSAROVAR EXT. : 7045288538, SHAHPURA : 7506023175, TONK : 7506023175, PAOTA : 7506023175, NIWAI : 7506023175, SHREE SHYAM MOTORS : SIKAR ROAD : 7506023263, CHOMU: 7506023263, KOTPUTLI : 7506023263. AUTOPRIME TATA : PRATAP NAGAR, JODHPUR : 7506023278, BHAGAT KI KOTHI : 7506023278, BALOTRA : 7506023278, PALI : 7506023278, JALORE : 7506023278, BARMER : 7506023278, CHAMBAL MOTORS : KOTA : 7506023291, JHALAWAR : 7506023291, BARAN : 7506023291, BUNDI : 7506023291, BHAWANI MANDI : 7506023291, KHANPUR : 7506023291, ITAWA : 7506023291, CHAMBAL MOTOCORP LLP : UDAIPUR : 7506023432, DUNGARPUR : 9167049848, BANSWARA : 7506023432, SAGWARA : 7506023432, BRIJWHEEL AUTOMOBILES (P) LTD. : BHARATPUR : 9619304832, HINDAUN : 9619304832, DHOLPUR : 9619304832, KARAULI : 9619304832, DEEG : 9619304832, NAGAR : 9619304832, CLASSIC MOTORS : ALWAR : 7506023041, BHIWADI : 7506023041, BEHROR : 7506023041, RAJGARH : 7506023041, THANAGHAJI : 7506023041, KHAIRTHAL : 7506023041, NEEMRANA : 7506023041 DAKSH AUTOMOTIVES PVT. LTD. : NAGAUR : 7506023356, DIDWANA : 9167049809, KUCHAMAN: 7412056814, DUNAC AUTOMOBILES : Nr. DUDI PETROL PUMP, NH-15, BIKANER : 7506023077, Nr. HALDIRAM PYAU, JAIPUR ROAD, BIKANER : 7506023077, NOKHA : 7506023077, 3 ML HANUMANGARH BYEPASS ROAD, NH 62, SRI GANGANAGAR : 7506023393, HANUMANGARH : 7506023393, ANUPGARH : 7506023393, SURATGARH : 7506023393, NOHAR : 7506023393, KAMAL PASSENGER VEHICLES (P) LTD. : AERODROME CIRCLE, KOTA : 7045156412, RAMGANJ MANDI, GANGAPUR CITY, ANTAH, RAWATBHATA : 7045156412, SAWAIMADHOPUR : 7045190667 GANGAPUR : 9619305352, MARUDHARA MOTORS : JODHPUR : 7506023285, MUDGAL MOTORS : AJMER : 7506023019, KISHANGARH : 7506023019, BEAWAR : 7506023019, BIJAY NAGAR : 7506023019, KEKRI : 7506023019, SHRI CHARBHUJA AUTOMOBILES : MERTA CITY : 7506023295, DEGANA : 7506023295, SHRI KRISHNA FOUR WHEELS : JAIPUR ROAD, SIKAR : 7506023385, JAIPUR ROAD CHURU: 7506023385, NEAR RTO JAIPUR ROAD, JHUNJHUNU: 7506023385, SURAJGARH BYEPASS ROAD, CHIRAWA: 7506023385, NEEM KA THANA : 7506023385, SRI MADHOPUR : 7506023385, SUJANGARH : 7506023385, RAJGARH : 7506023385, RATANGARH : 7506023385, SP AUTOMOTIVE : UDAIPUR : MADRI : 8291328070, SECTOR-11 : 9619145960, ABU ROAD : 8291328070, YASH MOTORS : BHILWARA : 7506023055, CHITTAURGARH : 7506023055, RAJSAMAND : 7506023055, PRATAPGARH : 7506023055, DEOLI : 7506023055.

Terms and Conditions apply. *Benefits up to differs from model to model and is inclusive of consumer offer, offer valid till 31 Jan. 2024. exchange bonus and maximum corporate offer. ^Warranty cover for 3years/ 1 Lakh km, whichever ends earlier. Images and Illustrations are indicative and for information purposes only. All features/specifications are not available in all variants and may vary for different variants. Specifications/features are subject to change without prior information. Colours may vary due to printing limitations. Local taxes and octroi extra. ***Fair Value is a value as determined by our channel partner through a free and fair assessment of existing car given for evaluation.** The price offered is dependent on multiple factors such as condition of existing car, age, mileage, color, market dynamics, statutory taxes etc.

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908